Available online at http://www.nrjp.co.in

Journal of Business Management & Quality Assurance(e ISSN 2456-9291) Vol. 1, Issue, 01. 39-44p, April, 2017

National Research & Journal Publication

Review Article

ग्रामीण भारत में रोजगार की बदलती प्रवृत्तियाँ

M, egEen 'kehe

एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य

राजकीय महाविद्यालय, महाराजगंज

सन्दर्भ

इस प्रकार के और भी अनेक कार्य हो सकते है। गांवों तथा कस्बों में अजीविका के काफी स्त्रोत है, पर सब जगह परिश्रम, बौद्विक शारीरिक कुशलता और जोखिम उठाने की आवश्यकता है थोड़ा सा परिश्रम, कुछ धैर्य तथा व्यापारिक बुद्वि का प्रयोग अजीविका एवं रोजगार के नये नये आयाम प्रदान कर सकता है तथा इस प्रकार के लोंगों को बैंक तथा सरकार भी सहायता प्रदान करते है। वर्तमान ग्रामीण क्षेत्र में मेहनत की रोटी खाने का भाव रखने वालों के लिए आजीविका के स्त्रोतों तथा रोजगार के अवसरों का कोई अभाव नही है। इस प्रकार भारतीय ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत पैतृक रोजगार के संरक्षण के साथ आर्थिक लाभ भी अर्जित किया जा सकता है।

Copyright©2017, Dr. Mohammad Shamim. *This is an open access article for the issue release and distributed under the NRJP Journals License, which permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited.*

परिचय

जनगणना के अनुसार देश की कुल जनसंख्या 121. 02 करोड़ आंकलित की गयी है। जिसमें 68.84 प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में निवास करती है तथा 31. 16 प्रतिशत जनसंख्या भाहरी क्षेत्रों में निवास करती है। स्वतन्त्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में ग्रामीण तथा भाहरी आबादी का अनुपात 83 प्रतिशत तथा 17 प्रतिशत था। 50 वर्श बाद 2001 की जनगणना में ग्रामीण तथा भाहरी जनसंख्या का प्रतिशत कमश 74 तथा 26 प्रतिशत हो गया। इन आंकड़ों से सुस्पश्ट परिलक्षित होता हे कि भारतीय ग्रामीण लोगों का पलायन तेजी से बढ़ रहा है। गांवों से भाहरों की ओर पलायन का सिलसिला कोई नया मसला नहीं है। गांवों में कृशि भूमि के लगातार कम होते जाने, आबादी में निरन्तर वृद्वि होने तथा प्राकृतिक आपदाओं के चलते रोजगार की तलाश में ग्रामीणों को भाहरों की ओर रूख करना पड़ा है।

परम्परागत रूप से भारतीय गांव में कृषि तथा पैतृक रोजगार ही जीविका के साधन रहे है। ऐसे में विकास की दौड़ में कुछ प्राचीन विरासतें विलुप्त न हो पायें इस पर ध्यान देना जरूरी है। आज जरूरत इस बात की है कि ग्रामीण युवाओं को नये रोजगार के साथ साथ उनके पैतृक व्यवसाय से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाये अन्यथा कई पारम्पारिक धन्धे केवल किताबों में देखने की चीज बनकर रह जायेगें। आज आवश्यकता इस बात की है कि गांवों की युवा पीढ़ी गांवों तथा कस्बों में रहकर ही बदलती हुई स्थितियों तथा आवश्यकताओं के अनुसार नई तकनीकी अपनाकर इन्हें नया स्वरूप दें। इस प्रकार गांवों की संस्कृति में बसे पैतृक धन्धों को जीवित रखा जा सकता हैं साथ ही ग्रामीण भारत से भाहरों की ओर हो रहे बेलगाम पलायन पर भी काफी हद तक काबू पाया जा सकता है।

यह कटु सत्य है कि देश में इतनी वैज्ञानिक प्रगति के उपरान्त भी ग्रामीण भारत में बेरोजगारी की

समस्या दिन प्रतिदिन गम्भीर होती जा रही है, जो कि देश के आर्थिक तथा सामाजिक ताने बाने के लिए खतरा बनती जा रही है। देश में एक ओर तो अर्थ विविधता बढ़ रही है, शिक्षा बढ़ रही है साथ ही दूसरी तरफ बेरोजगारी भी बढ़ती जा रही है। नई पीढ़ी के अधिकांश ग्रामीण युवाओं का मन श्रम प्रधान कार्यो से उचट जाता है। किन्तु अनेक नौजवान जो प्रतिभावान है, श्रम के प्रति जिनके मन में निश्ठा है उनके लिए ग्रामीण भारत में आज भी अच्छे स्वरोजगार अवसरों की कमी नहीं हैं। यदि ग्रामीण युवक नौकरी की मानसिकता से मिलकर मन में उघमिता का भाव जगाये तो उनके समक्ष उन्हीं के परिवेश में रोजगार के अवसरों का अभाव नहीं है।

lkjaijkxr iSr`d jkstxkj %&

वस्तुत पैतृक रोजगार गप्रमीण अर्थव्यवस्था रूपी माला में गुथे हुए मणियों की भांति थें जिसका आधार स्तम्भ खेती था। इन परंपरागत धंधों में विखराव की वजह से आज यह माला छिन्न भिन्न हो चुकी है। परिणामस्वरूप कृशि व्यवस्था के साथ साथ समस्त ग्रामीण आर्थिक व्यवस्था प्रभावित हुयी है। गांमीण धंधे होते हुये भी गांवों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण परिवेश में मौजूद गरीबी व बेरोजगारी के वैसे तो अनेक कारण हो सकते है परन्तु इनमें से एक महत्वपूर्ण कारण गांवों के परंपरागत उघोग धंधों में कमी होना है, वे धंधे की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का जीवनाधार है। वे गप्रमीण अर्थव्यवस्था को सन्तुलित रूप प्रदान करने में सहयोग देते थे। गांवों में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं में पारिवारिक व्यवसाय के रूप में हजारों वर्शों से कार्य हो रहा था। इसके अनेक लाभ भी थे। इस लिए आज भी नयी पीढ़ी का सेवा व्यवसाय में कार्यरत रहना व्यवहारिक एंव लाभदायक है। इस प्रकार के व्यवसायों के कुछ उदाहरण है गुथारी, लोहारी, कताई बुनाई, हेयर कंटिग, कुम्हारी, रंगाई पुताई, छपाई, सिलाई, सुनारी, बागवानी, जूता निर्माण, मूर्तियां बनाना, दीवारों पर मांडणे बनाना, चुनाई, कमठाने का कार्य आदि प्रमुख है।

जब पैतृक धन्धे पीढ़ी दर पीढ़ी चलते थे तो सम्बन्धित परिवार के युवा वर्ग का रोजगार की तलाश में इधर उधर भटकने की आवश्यकता नहीं थी। लेकिन युवक आज इन धन्धों को सीखने में हीनता का अनुभव करने लगे है और उन्हें अपने पैतृक व्यवसाय तथा कार्यों से विरक्ति होती जा रही है। परिणामस्वरूप युवा वर्ग रोजगार की तलाश में भाहरों की ओर भाग रहा है जबकि कस्बों व भाहरों में जाकर भी उन्हें इसी प्रकार के सेवा कार्यों को अपनाना पड़ता है जहां आजीविका अर्जित करने हेतु कई अन्य समस्याओं से भी जूझना पड़ता है।

अत आज आवश्यकता इस बात की है कि युवक गांवों व कस्बों में ही रहकर इन धंधों में बदलती हुई स्थितियों तथा आवश्यकता के अनुसार नई तकनीके अपनाकर इन्हें नया स्वरूप दें। इन कौशलों में दक्षता पाने के लिए आजकल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी है परन्तु अधिकांश धंधों में गांवों एंव कस्बों में कार्यरत कारीगर के सानिध्य में रकर ट्रेनिंग प्राप्त की जा सकती हैं। यदि युवा अपने पैतृक व्यवसाय से जुड़े तो कुछ हद तक बेरोजगारी की समस्या पर काबू पाया जा सकता हैं।

xkaoksa esa lsok jkstxkj dk cnyrk Lo:i %&

वस्तुत ग्रामीण हस्तशिल्पों के विकास के लिए अनेक क्षेत्र विद्यमाान है इसलिए इसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। परंपरागत घरेलू धंधों द्वारा केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं को ही बनाना चाहिए जिनकी आवश्यकता केवल गांवों में ही हो बल्कि ऐसी वस्तुओं का निर्माण भी किया जाना चाहिए जिनकी जरूरत भाहरों में भी रहती है। यह तभी सम्भव है जबकि आधुनिक वित्त सुविधाएं, निर्मित वस्तुओं की विक्रय सुविधाऐं बढ़ाई जायें। साथ ही ग्रामीण परंपरागत धंधों को पुनर्जीवित किया जाये। इसके लिए नवीन प्रौद्यौगिकी आधारित रोजगार एंव उनमें नवीन तकनीकों को सेवा व्यवसाय का आधार बनाया जा सकता है। आजकल कई नवीन सेवाओं की जरूरत गांवों व कस्बों में भी बढ़ी है।

नवीन तकनीकों के आ जाने से अनेक सेवाओं का विस्तार भी हुआ है। आजकल नवीन तकनीकी पर

© NRJP Journals 2017. All Rights Reserve.

आधारित सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए अनेक उपकरण बाजार में आ गये हे। जिनके बारे में जानकारी बढ़ाने की आवश्यकता है। विजली से चलने वाली अनेक मशीनें काम को अच्छा तथा त्वरित गति से करती है यदि कोई व्यक्ति इनमें से किसी कार्य को करना चाहे तो थोड़े समय तक किसी प्रशिक्षित व्यक्ति के साथ कार्य करने का अनुभव करना चाहिए। इस प्रकार कार्य करके कुशलता, ग्राहक की आवश्यकता तथा उसके संतोश का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो जाता है । इस प्रकार की ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित होने वाली कुछ नवीन सेवाओं की जानकारी निम्नांकित प्रस्तुत की जा रही है।

lpuk ik?kfxdh %–

आजकल संचार सेवा में काफी विस्तार हुआ है। गांवों गांवों में टेलीफोन सेवा पँहुचने लगी हैं। एस0 टी0 डी0, पीसीओ लगाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।इस कार्य को प्रारम्भ करने के लिए थोड़ी पूंजी एंव स्थान की जरूरत होती है।

QkVkdkih %–

यह एक ऐसी तकनीक है जिसकी सहायता से किसी भी दस्तावेज की हूबहू नकल तत्काल प्राप्त की जा सकती है। इसमें खर्चा भी कम लगता हैं ।यदि कोई व्यक्ति लगभग 50000 रूपये व्यय करे तो यह रोजगार के लिए अच्छा साधन बन सकती है। इस कार्य के लिए बिजली एंव थोड़ी सी जगह की जरूरत रहेगी।

C;Vh ikyj %–

लोगों की हमेशा यह इप्छा रहती है कि वह खूबसूरत दिखाई दे इसके लिए ब्यूटी पार्लर चलाकर अच्छी आमंदनी की जा सकती है। यह कार्य अपने घरों में भी किया जा सकता है। थोड़े समय के प्रशिक्षण की जरूरत रहेगी।

ohfM;k “kfVx ,o QkVkxkQh %–

आजकल दस्तावेज, प्रवेश फार्म, नौकरी हेतु आवेदन पत्र पर फोटो लगाने की जरूरत रहती है। विवाह समारोह में भी वीडियो भाूटिंग एंव फोटोग्राफी की जाती है। यदि गांवों में फोटोग्राफी का व्यवसाय किया जाये तो बहुत ही कम खर्चे पर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

Ldhu fifVx %–

अनेक अवसरों पर आमंत्रण निमंत्रण पत्र, इस्तिहार, पोस्टर आदि छपवाने होते है। गांवों में बड़े प्रेस मशीन नही होते है। स्क्रीन प्रिटिंग द्वारा रंगीन छपाई की जा सकती है। इस व्यवसाय में मात्र 10 हजार रूपये का खर्चा होता है परन्तु आमंदनी ठीकठाक हो जाती है।

fctyh fQfVx %–

गांवों में बिजली पँहुच जाने से घरों, कारखानों, दुकानों आदि में बिजली फिट्िग का काम करना होता है। एक बार फिटिंग हो जाने के बाद भी उसमें खराबियां आ जाने से सेवा की जरूरत रहती है। मामूली खर्चे से औजार खरीदकर इस कार्य को आरम्भ किया जा सकता है। किसी जानकार व्यक्ति के साथ 1–2 माह रहकर काम सीखा जा सकता है।

Quhpj fuek.k o ejEer %–

आजकल लोगों के पास लकड़ी, लोहे आदि की अनेक वस्तुएं रहती है।लोग उन्हें समय समय पर बदलते रहते है। इस क्षेत्र में रोजगार की बहुत सम्भावना है। परंपरागत औजारों के साथ ही बिजली से चलने वाले कई नये औजार आ गये है। उनके उपयोग से काम अच्छा एंव जल्दी होता है। इस क्षेत्र में भी स्वरोजगार के द्वारा अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।

f'k{k.k dk;l %–

शिक्षा के प्रति जागृति के साथ ही लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्रयत्न करते रहते है। अत अच्छा विद्यालय, वालवाड़ी अग्रेजी माध्यम से

© NRJP 2017. All Rights Reserve.

स्कूल चलाकर परिवार के दो – चार लोगों को कार्य मिल सकता है।

ikyuk?kj ¼dsz'k½ :–

आजकल महिलाएं भी रोजगार करने लगी है। उन्हें रोजगार पर जाने के समय छोटे छोटे बच्चों को कहीं न कहीं छोड़कर जाना पड़ता है। यदि आप चाहें तो अपने घर में ही बच्चों को रखने की व्यवस्था कर सकते है। पालने, झूले, खिलौने के लिए दो – चार हजार रूपये खर्च करके एक अच्छा पालनाघर (केश) चला सकते है। इससे नियमित मासिक आय होती रहेगी।

okgu fjis;j :–

आजकल गांवों व कस्बों में भी अनेक व्यक्तियों के पास साइकिल, मोटरसाइकिल, स्कूटर, जीप आदि वाहन रहते है। समय समय पर उनकी दुरूस्ती भी करवानी पड़ती है। अत इस क्षेत्र में थोड़ी जानकारियों के बाद कुशलता प्राप्त कर वाहन रिपेयर का कार्य गांव में किया जा सकता है।

Vkbfiax] dEI;wVj rFkk lkbcj dSQs ½–

कम्प्यूटर की पंहुच गांवों में भी होने लगी है। इसकी सहायता से दस्तावेज तैयार करने, मुद्रण हेतु सामग्री , समाचार भेजने व प्राप्त करने हेतु ई मेल आदि की सुविधाएं प्राप्त कर सकते है। इस क्षेत्र में विस्तार एंव कार्य की बहुत सम्भावनाएं है।

ekckby }kjk jkstxkj ½–

मोबाइल का प्रचलन तेजी से बढ़ने से इस क्षेत्र में भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही है। वर्तमान में भाहरों में ही नही गांवों में भी इसका कारोबार काफी तेजी से बढ़ा है। भाहरी क्षेत्र में जहाँ मोबाइल खराब होने पर लोग नये सेट खरीदना पसन्द करते है लेकिन गांवों में ऐसी स्थिति नहीं है वहां मोबाइल खराब होने पर उसकी मरम्मत कराना अच्छा समझते है। यही वजह है कि मोबाइल मेन्टेनेन्स की दुकानें भाहरों की अपेक्षा गांव में ज्यादा है।

fpfdRlk dk;Z ½–

अनेक गांवों में चिकित्सा की सुविधाएं अभी तक भी नहीं पंहुची है। वहां पर लोगो की मदद के लिए चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है। अज दाई, नर्स आदि का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

MkbDyhu ,oa ykWMªh dk dk;Z ½–

लोग आजकल मंहगे कपड़े पहनते है। गर्म कपड़े भी पहनते है। उनको साधारणतया पानी से धोने पर कपड़ा खराब हो जाता है। इसलिए लांड्री का काम किया जाये तो इसमें 2–4 लोगो को रोजगार मिल सकता है।

lsuVjh dk dk;Z ½–

गांवों में भी जगह जगह पानी की टंकिया व नल लग जाने से लोग घरों में नल की फिटिंग कराते है। हाथ धोने एवं मलमूत्र त्यागने के लिए बेसिन व डब्ल्यूसी आदि लगने लगे है। इसकी फिटिंग का बहुत कार्य होता है। उनमें दुरूस्ती आदि का भी कार्य रहता है। जानकार तथा अनुभवी सेनेट्री फिटर के साथ कुछ दिनों तक कार्य को सीखकर इसे रोजगार के रूप में अपनाया जा सकता है।

ofYMax dk dk;Z ½– खिड़कियों व किबाड़ में जाली आदि लगाई जाती है। यह लोहे के तारों एवं पत्तियों से बनती है। इसमें वेल्डिंग का काफी कार्य होता है। वेल्डिंग में गैस सिलेण्डर एवं कुछ साधारण औजारों की आवश्यकता रहती है। इस कार्य से अनेक प्रकार की मशीनों में टूट फूट को भी दुरूस्त किया जाता है। गांव में ही थोड़ी जगह में भोड बनाकर इस व्यवसाय को किया जा सकता है।

midj.k fjis;j ½– रेडियो, टी0 वी0, घड़ी, पंखे, प्रेशर कुकर, बिजली से चलने वाले अन्य उपकरण जैसे– इस्त्री, मिक्सी, वॉशिगं मशीन,आटा चक्की, ग्राइण्डर मोटर आदि उपकरण घरों में काम आते है। उनमें समय समय पर खराबियां आ जाने से उन्हे दुरूस्त करना होता है। कुछ समय के लिए किसी

दुकान पर कार्य कर लिया जाये जहां इस प्रकार के कार्य होते है तो इस क्षेत्र में काफी रोजगार की सम्भावनाएं है।

ikjEifjd lsok jkstxkj d Qk;n –

- ❖ सेवा रोजगार में अधिक पूंजी की जरूरत नही रहती है।
- ❖ ग्राम में रकर ही आसपास की जगहों में कार्य मिल जाता है।
- ❖ सेवा कार्यों को सीखना कठिन नहीं रहता है।
- ❖ अपने पैतृक सेवा कार्य को अपनाया जा सकता है।
- ❖ पैतृक सेवा कार्य को सीखना एंव करना सरल रहता है।
- ❖ सेवा कार्यो के साथ घर एवं खेतीवाड़ी का काम भी किया जा सकता है
- ❖ सेवा कार्य पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार में आगे बढ़ाये जा सकते है।
- ❖ अपने घर से ही सेवा कार्यो को संचालित किया जा सकता है।
- ❖ दुकान एवं जमीन आदि की जरूरत नहीं रहती है।
- ❖ सेवा रोजगार में परिवार के सदस्यों का सहयोग भी मिल सकता हैं।
- ❖ दुकान एवं जमीन आदि की जरूरत नहीं होती है।
- ❖ सेवा रोजगार में परिवार के सदस्यों का सहयोग भी मिल जाता है।
- ❖ कार्य करने का समय अपनी सुविधानुसार निर्धारित किया जा सकता है।
- ❖ भाहर में आने जाने, रहने का खर्चा नहीं लगता है। समय व श्रम की बचत होती है।
- ❖ पीढ़ी दर पीढ़ी कार्य करते रहने से सेवा में निहित कौशल विकसित होता रहता है।

इस प्रकार के और भी अनेक कार्य हो सकते है। गांवों तथा कस्बों में अजीविका के काफी स्त्रोत है, पर सब जगह परिश्रम, बौद्विक भाारीरिक कुशलता और जोखिम उठाने की आवश्यकता है थोड़ा सा परिश्रम, कुछ धैर्य तथा व्यापारिक बुद्वि का प्रयोग अजीविका एवं रोजगार के नये नये आयाम प्रदान कर सकता है तथा इस प्रकार के लोंगों कां बैंक तथा सरकार भी सहायता प्रदान करते है। वर्तमान ग्रामीण क्षेत्र में मेहनत की रोटी खाने का भाव रखने वालों के लिए आजीविका के स्त्रोतों तथा रोजगार के अवसरों का कोई अभाव नही है। इस प्रकार भारतीय ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत पैतृक रोजगार के संरक्षण के साथ आर्थिक लाभ भी अर्जित किया जा सकता है।

lUnHkZ xzUFk lph

1. Papota, T.S. (2012) "Employment growth – The post reform Periodश ISTD working paper 2012/07 Institute for studies in industrial development, New Delhi.
2. Rangrapan.C, I.K. Padma and seema (2011) " Where is the missingLabour force ? Economic and political weekly vol 46 No. 39
3. Jatav Manoj and Suchitra sen (2013) "Drivers of Non form Employment in rural indiaश Evidence from the 2009-10 NASA Roundश Economic and Political Weekly, vol XLVIII No. 26 and 27 PR 14-21
4. Himanshu (2011) "Employments Trands in India A re exam- nationश Economic and Political weekly, 46 (37)
5. Gol (2014) "Employment and unemployment situation in India NSS 68th Roundश Ministry of statistics and programme implementation, New Delhi.